भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्याः 2880 /भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2024–25, दिनांक 08 अगस्त, 2024

सेवा में,

1. सम्पादक, अमर उजाला, उत्तराखण्ड, देहरादून।	2. सम्पादक, दैनिक जागरण, उत्तराखण्ड देहरादून।

विषयः नदीतल उपखनिज लॉटों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन किये जाने हेतु कुमाऊँ मण्डल एवं गढ़वाल मण्डल के संस्करण में निविदा प्रकाशित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत नदीतल स्थित 05 है0 क्षेत्रफल तक के उपखनिज लॉटों को राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी (E-Tender cum E-Auction) के माध्यम से आवंटन के लिए आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं दैनिक जागरण के दिनांक 09.08.2024 के संस्करण में प्रकाशित की जानी है।

अतः उक्तानुसार आमंत्रण हेतु निविदा प्रकाशन सूचना इस पत्र के साथ सॉफ्ट/हार्ड कॉपी में संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इसे अपने–अपने समाचार पत्रों के कुमाऊँ मण्डल एवं गढ़वाल मण्डल के दिनांक 09.08.2024 के समाचार पत्र में निविदा सूचना प्रकाशित कराने के उपरान्त बीजक दो प्रतियों में निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
08/8/24
(राजपाल लेघा)
निदेशक

संख्याः 2880 /भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2024–25, तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, औद्योगिक विकास (खनन), उत्तराखण्ड शासन।
2. आयुक्त कुमाऊँ/गढ़वाल मण्डल।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिला खान अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तराखण्ड।

08/8/24
(राजपाल लेघा)
निदेशक

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 2880/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2024–25, दिनांकः 08 अगस्त, 2024

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञाप संख्या 2868/र0ख0लॉ0/ई0नी0/वि0काज्ञा0/भू0खनि0नि0/2024–25, दिनांक 08 अगस्त, 2024 के द्वारा विज्ञापित लॉटों में से जनपद उत्तरकाशी के 01 लॉट, जनपद चमोली के 01 लॉट, जनपद टिहरी गढ़वाल के 04 लॉट, जनपद चम्पावत के 01 लॉट एवं जनपद रूद्रप्रयाग के 01 लॉट को उक्त नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी (E-Tender cum E-Auction) के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार Online आमंत्रित की जाती है:–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	दिनांक 09.08.2024 (शुक्रवार)
uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि	दिनांक 09.08.2024 (शुक्रवार)
uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड/बिक्री आरम्भ करने की तिथि	दिनांक 12.08.2024 (सोमवार)
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि	दिनांक 13.08.2024 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे से
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	दिनांक 29.08.2024 (वृहस्पतिवार) को सांय 05:00 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय	दिनांक 30.08.2024 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 12:00 बजे से
समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तदनुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।	

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में + उक्त धनराशि का 18% GST का डिमाण्ड ड्राफ्ट निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(राजपाल लेघा)
निदेशक